# प्रवेश विवरणिका

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (उच्च) 2025 योग्य अभ्यर्थियों हेतु लागू

**शैक्षणिक कार्यालय**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोवा

# विषय-सूची


1. प्रवेश प्रक्रिया की समय-सीमा 1
2. सामान्य जानकारी 6
3. फ़ीस संरचना और भुगतान 7
   क फ़ीस का भुगतान 7
   ख भुगतान का माध्यम 8
   ग फ़ीस में छूट 8
   घ शिक्षा शुल्क (ट्यूशन फ़ीस) में छूट का दावा करने की प्रक्रिया 8
4. पाठ्यक्रम पंजीकरण 10
फॉर्म 11
   फॉर्म 1 - विद्यार्थी का घोषणा-पत्र 12
   फॉर्म 2 - टीकाकरण प्रमाण-पत्र 13
   फॉर्म 3 - विद्यार्थियों द्वारा शपथ-पत्र (रैगिंग विरोधी) 14
   फॉर्म 4 - शैक्षणिक सत्यनिष्ठा की घोषणा 15

## 1. प्रवेश प्रक्रिया की समय-सीमा

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>विवरण</th><th>दिनांक</th></tr>
<tr><td>1</td><td>आईआईटी गोवा ईमेल और अनुक्रमांक (रोल नंबर) का आवंटन</td><td>शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025</td></tr>
<tr><td rowspan="2">2</td><td>देय राशि के भुगतान की प्रारंभ तिथि</td><td rowspan="2">सोमवार, 28 जुलाई , 2025</td></tr>
<tr><td>एएमएस[1] पर ऑनलाइन प्रदर्शन सत्र</td></tr>
<tr><td rowspan="2">3</td><td>संस्थान को रिपोर्टिंग और अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम</td><td rowspan="2">शुक्रवार, 1 अगस्त, 2025</td></tr>
<tr><td>छात्रावास कक्षों का आवंटन</td></tr>
<tr><td>4</td><td>कार्यक्रम वार अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम</td><td>शनिवार, 2 अगस्त, 2025</td></tr>
<tr><td>5</td><td>बिना जुर्माने के फ़ीस भुगतान करने की अंतिम तिथि</td><td>मंगलवार, 5 अगस्त, 2025</td></tr>
<tr><td>6</td><td>कक्षाओं की शुरुआत</td><td>मंगलवार, 5 अगस्त, 2025</td></tr>
</table>

[1] शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली

प्रिय अभ्यर्थी,

आईआईटी गोवा में प्रवेश हेतु अनंतिम रूप से चयनित होने पर बधाई। अब आपके पास अनुसंधान और तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध संस्थान से जुड़ने का अवसर है। अपने प्रवेश की पुष्टि करने और हमारे संस्थान का हिस्सा बनने के लिए कृपया अभिविन्यास और पंजीकरण कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन रिपोर्ट करें।

- आपके प्रस्ताव से संबंधित सामान्य जानकारी पर उपलब्ध है।
- फ़ीस के भुगतान से संबंधित जानकारी फ़ीस संरचना और भुगतान पर उपलब्ध है।
- पाठ्यक्रम पंजीकरण से संबंधित जानकारी पाठ्यक्रम पंजीकरण पर उपलब्ध है।
- आईआईटी गोवा नैतिक आचरण और मानवीय मूल्यों से कोई समझौता नहीं करता है। शैक्षणिक सत्यनिष्ठा पर एक घोषणा-पत्र संलग्न है (फॉर्म 3)। किसी भी रूप (ऑनलाइन/ऑफ़लाइन) में रैगिंग और उत्पीड़न के प्रति संस्थान की *ज़ीरो टॉलरेंस/शून्य सहिष्णुता* की नीति है। संस्थान भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करता है। आपके माता-पिता/अभिभावक और आपको, सदाचरण और शैक्षणिक सत्यनिष्ठा फॉर्म (फॉर्म 4) पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर करना होगा। कृपया अपने प्रवेश के समय इन दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रतियां साथ लाएँ।
- हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि किसी भी विद्यार्थी को वित्तीय बाधाओं के कारण अपनी शिक्षा प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना न करना पड़े। इसलिए, हमारे यहाँ वित्तीय सहायता वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए छात्रवृत्तियां हैं।
- विद्यार्थियों को उनके आगमन पर छात्रावास आवास और संस्थान की अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। छात्रावास के कमरे अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा करने पड़ सकते हैं।

हम आईआईटी गोवा में आपका व्यक्तिगत रूप से हार्दिक स्वागत करते हैं। कृपया किसी भी प्रश्न के संबंध में admissions@iitgoa.ac.in पर हमसे संपर्क करने में संकोच न करें।

शुभकामनाओं सहित,

**प्रो. आर. नीलकंदन**
अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्यक्रम)

प्रिय माता-पिता/अभिभावक,

जेईई (उच्च) 2025 की सफलता के लिए आपके बच्चे को बधाई देते हुए हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। हम आपका और आपके बच्चे का भारत के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक (आईआईटी गोवा) में हार्दिक स्वागत करते हैं। जैसा कि आप जानते होंगे, आईआईटी वैश्विक मानचित्र पर कुछ सर्व प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का अध्ययन भूमि रहा है और हम ऐसे कई मस्तिष्क विकसित करने के लिए तत्पर हैं जो प्रौद्योगिकी के लिए, हमारे देश और सबसे ऊपर, मानव जाति की उन्नति के लिए काम करेंगे।

हमारा मानना है कि अभिज्ञ माता-पिता/अभिभावक के रूप में आपको इस संस्थान में विद्यार्थियों की शैक्षणिक और पाठ्येतर जीवन शैली दोनों से परिचित होना चाहिए और आपके बच्चे को प्राप्त होने वाली विभिन्न अवसरों के साथ-साथ अंतर्निहित जिम्मेदारियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। इस संस्थान के शिक्षक यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं कि उनके प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक जरूरतों का ध्यान रखा जाए और यहां उनके प्रवास को उपयोगी बनाया जाए। हालांकि, ऐसी परिस्थिति भी आ सकती है जब विद्यार्थियों को शैक्षणिक या किसी अन्य मामले में सहायता की आवश्यकता हो। आईआईटी गोवा में हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी आवश्यकताओं को यथाशीघ्र और सर्वोत्तम तरीके से पूरा किया जाए। हम चाहेंगे कि आप इसके लिए अपनी सहायता का विस्तार करें और यह सुनिश्चित करें कि आप इस संस्थान के बारे में कुछ सामान्य जानकारी रखते हैं ताकि आपको यह जानकारी मिल सके कि यहां चीजें कैसे काम करती हैं। यह पत्र आपको यही समझने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से लिखा गया है।

## संकाय सलाहकार और संस्थान छात्र परामर्श कार्यक्रम (आईएसएमपी)

सभी स्नातक बैचों के विद्यार्थियों को एक संकाय सलाहकार और एक छात्र परामर्शदाता सौंपा गया है। सलाहकारों और परामर्शदाताओं को सावधानीपूर्वक इस तरह से आवंटित किया जाता है कि उनमें से प्रत्येक को औसतन 10 विद्यार्थी आवंटित किए जाते हैं। इससे संकाय सलाहकार या परामर्शदाता को उन्हें सौंपे गए विद्यार्थी को व्यक्तिगत रूप से समझने में सहायता मिलेगी और प्रारंभिक शुरुआत में ही किसी भी कमजोरी का आसानी से पता लगाया जाएगा।

## कोई अनुत्तीर्ण नहीं नीति (नो फेल पॉलिसी)

एक समस्या जो पहली पीढ़ी के सभी आईआईटी संस्थानों के समक्ष आती है, वह है कई विद्यार्थियों द्वारा महसूस किया जाने वाला अस्वास्थ्यकर तनाव स्तर, जो अक्सर गंभीर मानसिक विकारों का कारण बनता है। जैसे ही नए विद्यार्थी आईआईटी में प्रवेश करते हैं, उनको अपने अनुभव के लिए बिल्कुल नए वातावरण में तीव्र प्रतिस्पर्धा का एहसास होता है। इसके अलावा, पहले सेमेस्टर में उसका प्रदर्शन, यदि अच्छा नहीं है, तो अक्सर विद्यार्थी खुद को एक कमजोर विद्यार्थी समझने लगते हैं, और स्वयं की यह प्रारंभिक पहचान अक्सर शेष सेमेस्टर के लिए 'छोड़ने/गिव अप' की भावना पैदा कर सकती है। इसे स्वीकार करते हुए, आईआईटी गोवा ने 'कोई अनुत्तीर्ण नहीं नीति'/'नो फेल पॉलिसी' की शुरुआत की है। जिस पाठ्यक्रम में विद्यार्थी ने अनुत्तीर्ण ग्रेड प्राप्त किया है उसे ऐसे पाठ्यक्रम के रूप में माना जाएगा जिसके लिए वह पंजीकृत नहीं है। इसके अतिरिक्त, पहले सेमेस्टर के लिए किसी एसपीआई (सेमेस्टर प्रदर्शन सूचकांक) की गणना नहीं की जाएगी और समग्र प्रदर्शन, अर्थात् संचयी प्रदर्शन सूचकांक (सीपीआई) की गणना बाकी सात सेमेस्टर के आधार पर की जाएगी। इस नीति में यह प्रावधान है कि शाखा परिवर्तन निर्णयों के लिए केवल दूसरे सेमेस्टर ग्रेड का उपयोग किया जाएगा।

## शैक्षणिक संरचना

आईआईटी गोवा में एक सामान्य शैक्षणिक वर्ष को दो सेमेस्टरों में विभाजित किया गया है -ऑटम सेमेस्टर (अगस्त-नवंबर) और स्प्रिंग सेमेस्टर (जनवरी-अप्रैल)। आईआईटी गोवा का पाठ्यक्रम क्रेडिट सिस्टम पर आधारित है। प्रत्येक पाठ्यक्रम को साप्ताहिक व्याख्यान, ट्यूटोरियल और प्रयोगशाला घंटों की संख्या के आधार पर क्रेडिट आवंटित किया जाता है।

पूरे सेमेस्टर में प्रश्नोत्तरी, असाइनमेंट, मध्य सेमेस्टर अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं और प्रयोगशाला कार्य के माध्यम से निरंतर मूल्यांकन होता है। प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में, विद्यार्थी को एक एसपीआई (सेमेस्टर प्रदर्शन सूचकांक) मिलता है, जो उस सेमेस्टर में पंजीकृत प्रत्येक पाठ्यक्रम में ग्रेड का औसत है, जो क्रमशः उन पाठ्यक्रमों के क्रेडिट के साथ भारित होता है। सीपीआई (संचयी प्रदर्शन सूचकांक) प्रत्येक सेमेस्टर के कुल क्रेडिट की संख्या पर भारित सभी एसपीआई (आज तक) का भारित औसत है। कार्यक्रम की आवश्यकताओं और अन्य प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया आईआईटी गोवा के स्नातक नियम पुस्तिका/UG manual देखें।

यहां कक्षाओं में नियमित उपस्थिति बनाए रखने के महत्व को कमतर नहीं माना जा सकता है। विद्यार्थी को यह सलाह दी जाती है कि गृहनगर भ्रमण या अन्य कारणों से कक्षाएं न छोड़े। इसके अलावा, वास्तविक चिकित्सा कारणों को छोड़कर सभी विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक सेमेस्टर के पहले सप्ताह के दौरान कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य है। जब चिकित्सीय समस्याएं होंगी, तो विद्यार्थी को सलाह दी जाती है कि यदि वह कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पा रहा है तो अपने परामर्शदाता और संबंधित प्राध्यापकों को सूचित करें। ऐसे मामलों में प्राध्यापकों को आईआईटी गोवा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी या प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण-पत्र या अन्य सहायक दस्तावेजों की आवश्यकता हो सकती है।

प्रतिवर्ष इस संस्थान में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थी देश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में से कुछ होते हैं। यह अक्सर दो चरम परिस्थितियों में से एक को जन्म देता है: कुछ विद्यार्थियों को अत्यधिक माता-पिता के दबाव का सामना करना पड़ता है, जबकि अन्य अध्ययन के प्रति बस उदासीन रवैया अपनाते हैं जो उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को और न्यूनतम कर देता है। हम आशा करते हैं कि आप अपने बच्चे को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे और उसकी ओर से सर्वोत्तम प्रयास को परिणाम के बजाय उसके विषयनिष्ठ एवं उसके ध्येय के रूप में लेंगे।

## लघु पाठ्यक्रम (माइनर प्रोग्राम)

लघु पाठ्यक्रम का उद्देश्य एक प्रमुख पाठ्यक्रम "ए" के विद्यार्थी को दूसरे प्रमुख पाठ्यक्रम "बी" के मूलभूत सिद्धांतों से लैस करना है। उदाहरण स्वरूप एक कंप्यूटर विज्ञान के विद्यार्थी के पास यांत्रिक अभियांत्रिकी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में एक लघु पाठ्यक्रम अर्जित करने का विकल्प होगा। लघु पाठ्यक्रम में कम से कम चार पाठ्यक्रम होंगे। स्कूल अपने लघु पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में, पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों की पेशकश के लिए पाठ्यक्रम और सेमेस्टर वार योजना निर्दिष्ट करेंगे। वर्तमान में, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी (सीएसई), विद्युत अभियांत्रिकी (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) (ईई), गणित और कंप्यूटिंग (एमएनसी), और यांत्रिक अभियांत्रिकी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) (एमई) जैसे विषयों में लघु पाठ्यक्रम पेश किए जाते हैं। पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं और अन्य प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया आईआईटी गोवा के लघु पाठ्यक्रम-नियम एवं विनियम/Minor Program - Rules and Regulations देखें।

## शाखा परिवर्तन नीति

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोवा (आईआईटी गोवा) में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्यक्रम के पहले दो सेमेस्टर पूरा करने के बाद अपनी शाखा बदलने की अनुमति है। कार्यक्रम की आवश्यकताओं और अन्य प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया शाखा परिवर्तन-आईआईटी गोवा के नियम एवं विनियम/Branch Change - Rules and Regulations देखें।

## छात्रवृत्ति और फ़ीस में छूट

यदि आप इस बात से चिंतित हैं कि आपके पुत्र/पुत्री को कॉलेज पढ़ाना कितना महंगा पड़ने वाला है, तो चिंता न करें। आईआईटी गोवा में हमेशा उन लोगों को मदद दी जाती है जिन्हें इसकी ज़रूरत होती है, चाहे वह शैक्षणिक, वित्तीय या किसी अन्य प्रकार की हो। योग्य विद्यार्थियों को मेरिट कम मीन्स (योग्यता सह साधन) और निःशुल्क भोजन के रूप में छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं, जो क्रमशः ट्यूशन फ़ीस और मेस फ़ीस में छूट देती हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया छात्रवृत्ति और फ़ीस में छूट मैनुअल देखें।

हम आशा करते हैं कि यह जानकारी आपको अगले कुछ वर्षों में आपके बच्चे के जीवन के बारे में उचित जानकारी देगी। यह संस्थान उन सभी के लिए व्यापक अवसर प्रदान करता है जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सीखना चाहते हैं, और हम आशा करते हैं कि संस्थान में उनका समय उपयोगी एवं यादगार रहेगा।

शुभकामनाओं सहित,

**प्रो. आर. नीलकंदन**
**अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्यक्रम)**

## 2. सामान्य जानकारी

क सभी प्रवेश अनंतिम हैं और संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जोसा) काउंसलिंग के अंत में आईआईटी गोवा को अंतिम आवंटित संस्थान होने के अधीन है। यदि किसी अभ्यर्थी को काउंसलिंग के अंत में आईआईटी गोवा से अलग संस्थान आवंटित किया जाता है, तो प्रवेश का यह प्रस्ताव अमान्य हो जाएगा।

ख सभी प्रवेश समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति पर निर्भर है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास न्यूनतम योग्यता नहीं है, अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट/प्रवेश प्रस्ताव पर विस्तृत किसी भी आवश्यकता को पूरा नहीं करता है, या कोई गलत जानकारी देता है, तो आईआईटी गोवा किसी भी स्तर पर प्रवेश वापस लेने का अधिकार रखता है।

ग सभी विद्यार्थियों को जोसा काउंसलिंग के समय जमा किए गए चिकित्सा प्रमाण-पत्र के अलावा मेडिकल फिटनेस/टीकाकरण प्रमाण-पत्र (फॉर्म 2 में निर्दिष्ट प्रारूप में) की एक प्रमाणित प्रति भी जमा करनी होगी या पूरी करनी होगी।

घ विद्यार्थियों को आईआईटी गोवा में निवास के दौरान सदाचार, अनुशासन और पर्याप्त शैक्षणिक स्थिति (ग्रेड, सीपीआई, आदि के माध्यम से मूल्यांकन) बनाए रखना होगा। इनमें से किसी भी मोर्चे पर संस्थान द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा न करने पर प्रवेश रद्द किया जा सकता है।

च सभी विद्यार्थियों को आईआईटी गोवा द्वारा निर्धारित और समय-समय पर संशोधित अन्य सभी नियमों एवं विनियमों का पालन करना होगा। संस्थान वर्तमान में गोवा सरकार के गोवा अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अस्थायी परिसर से संचालित हो रहा है और विद्यार्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे परिसर में रहने के दौरान सदैव आवश्यक शिष्टाचार बनाए रखें।

छ संस्थान की ईमेल आईडी (iitgoa.ac.in से समाप्त होने वाली) से संबंधित जानकारी केवल आपकी पंजीकृत ईमेल आईडी पर साझा की जाएगी। यह सलाह दी जाती है कि ईमेल भेजते समय उचित ईमेल शिष्टाचार का पालन करें और केवल संबंधित व्यक्ति को ही लिखें। बल्क ईमेल आईडी केवल आधिकारिक उद्देश्यों के लिए बनाई जाती हैं और प्रमुख अधिकारियों द्वारा उपयोग की जाती हैं।

ज शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली (एएमएस), ई-पुस्तकालय और संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य ई-सेवाओं पर उपलब्ध सामग्री का लाभ उठाने के लिए संस्थान की ईमेल आईडी अनिवार्य है।

# 3. फ़ीस संरचना[2] और भुगतान

## क फ़ीस का भुगतान

पंजीकरण के एक भाग के रूप में, सभी संभावित विद्यार्थियों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अपेक्षित फ़ीस का भुगतान करना आवश्यक है।

| **श्रेणी** | **सामान्य, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी-एनसीएल** | **एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी** |
|---|---|---|
| शुल्क संरचना के अनुसार देय कुल शुल्क (A) | 1,21,750.00 | 21,750.00 |
| सुरक्षा जमा (B) | 3,000.00 | 3,000.00 |
| वापसी योग्य मेस अग्रिम (C) | 2,000.00 | 2,000.00 |
| कुल (D = A + B + C) | **1,26,750.00** | **26,750.00** |
| सीट स्वीकृति शुल्क (SAF) प्राप्य 3 (E) | 25,000.00 | 10,000.00 |
| SAF समायोजित करने के बाद शेष शुल्क (F = D - E)4 | **1,01,750.00** | **16,750.00** |
| बीमा शुल्क (G)5 | 2,650.00 | 2,650.00 |
| मेस शुल्क (H) | 18,570.00 | 18,570.00 |
| भुगतान किया जाने वाला शुल्क (I = F + G + H) | **1,22,970.00** | **37,970.00** |

बिना विलंब शुल्क के शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 5 अगस्त, 2025 है।विलंब शुल्क ₹100/- प्रति दिन के साथ शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 15 अगस्त, 2025 है। उन छात्रों के लिए जो 16 अगस्त 2025 से 25 अगस्त 2025 के बीच भुगतान करेंगे उन्हें ₹1500/- के एकमुश्त विलंब शुल्क देय होगा **और** यदि कोई अभ्यर्थी 25 अगस्त 2025 तक पंजीकरण नहीं करता है, तो उसका प्रवेश रद्द माना जाएगा।

संस्थान का अकादमिक कैलेंडर देखने के लिए, यहाँ क्लिक करें।

## ख भुगतान का माध्यम

आईआईटी गोवा फ़ीस भुगतान केवल निर्दिष्ट भुगतान पोर्टल (बिलडेस्क द्वारा प्रबंधित) के माध्यम से स्वीकार करता है जिसे यहाँ से एक्सेस किया जा सकता है।आईआईटी गोवा खाते में चेक, सीधे एनईएफटी/आरटीजीएस/यूपीआई/आईएमपीएस स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

शैक्षणिक ऋण के माध्यम से सेमेस्टर फ़ीस का भुगतान करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यूनियन बैंक, फार्मागुडी शाखा में देय 'STUDENT FEE ACCOUNT IIT GOA' के नामे/पक्ष में एक डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) बनाएं।

[2] विस्तृत फ़ीस संरचना देखने के लिए यहां क्लिक करें।

## ग फ़ीस में छूट

संस्थान शिक्षा मंत्रालय के नियमों का पालन करते हुए सामान्य, ईडब्ल्यूएस या ओबीसी-एनसीएल श्रेणी के बी. टेक के विद्यार्थियों के लिए फ़ीस भुगतान के साथ ट्यूशन फ़ीस में छूट की पेशकश कर रहा है। विस्तृत जानकारी के लिए आप RevTutionFee-08042016.pdf (education.gov.in) पर उपलब्ध नियमों को देख सकते हैं।

**स्लैब (II) -** सामान्य, ईडब्ल्यूएस या ओबीसी-एनसीएल श्रेणी से संबंधित विद्यार्थियों के लिए और जिनकी पिछले वित्तीय वर्ष (2024-25 ) की वार्षिक माता-पिता की आय 1,00,000/- रुपये (केवल एक लाख रुपये) से कम है, उन्हें भुगतान में छूट दी गई है और सेमेस्टर की फीस के रूप में ₹22,320/- (केवल बाईस हजार तीन सौ बीस रुपये।) का भुगतान करना होगा।

**स्लैब (III)** - सामान्य, ईडब्ल्यूएस या ओबीसी-एनसीएल श्रेणी से संबंधित विद्यार्थियों के लिए और जिनकी पिछले वित्तीय वर्ष (2024-25) की वार्षिक माता-पिता की आय 1,00,000/- रुपये (केवल एक लाख रुपये) और 5,00,000/- रुपये (केवल पांच लाख रुपये) के बीच है, उन्हें ट्यूशन फ़ीस के दो तिहाई का भुगतान करने से छूट दी गई है और उन्हें सेमेस्टर के लिए फ़ीस के रूप में ₹55,653/- रुपये (केवल पचपन हजार छह सौ तिरपन रुपये) का भुगतान करना होगा।

## घ शिक्षा शुल्क (ट्यूशन फ़ीस) में छूट का दावा करने की प्रक्रिया

i. नीचे उल्लिखित किन्हीं *दो* आय प्रमाण-पत्रों की स्कैन की हुई प्रति (पीडीएफ प्रारूप में) अपने पास रखें।
   1. वित्तीय वर्ष 2024-25 (1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक) का वेतन संवितरण अधिकारी द्वारा विधिवत मुहर सहित हस्ताक्षरित वेतन प्रमाण पत्र।
   2. राजस्व अधिकारी द्वारा जारी की गई, जो कि तहसीलदार के पद से नीचे न हो, 1 अप्रैल, 2025 को या उसके बाद तैयार किए गए माता-पिता के आय प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति।
   3. वित्तीय वर्ष 2024-25 (कर निर्धारण वर्ष 2025-26) की आयकर विवरणी (आईटीआर) के साथ नियोक्ता द्वारा जारी फॉर्म-16 की प्रमाणित प्रति।आयकर विवरणी पावती को आय प्रमाण के रूप में नहीं माना जाता है।
   4. वित्तीय वर्ष 2024-25 (1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक) का पेंशन संवितरण अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और मुहरयुक्त पेंशन प्रमाण-पत्र।
   5. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक आय शपथ-पत्र 100/- रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर, विशेषतः प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट/नोटरी पब्लिक के समक्ष फॉर्म अनुसूची 01 (बी) में दिए गए प्रारूप के अनुसार शपथ ली जानी चाहिए।

ii. अपलोड करने के लिए पीडीएफ प्रारूप में आय दस्तावेज़ की स्कैन की हुई प्रति तैयार रखें।

iii. एक बार जब स्कैन की गई कॉपी पीडीएफ प्रारूप में तैयार हो जाए, तो शैक्षणिक प्रबंधन सॉफ्टवेयर (एएमएस)/Academic Management Software (AMS) खोलें और छात्रवृत्ति टैब के अंतर्गत उपलब्ध फ़ीस में छूट के लिए आवेदन करें।

iv. आय दस्तावेज की स्कैन कॉपी संलग्न करके फॉर्म जमा करें।

v. एएमएस में आवेदन पत्र जमा करने के दो दिन बाद, फ़ीस भुगतान पोर्टल पर लॉग इन करें और पात्र स्लैब के अनुसार अद्यतन फ़ीस का भुगतान करें।

vi. किसी भी विसंगति के मामले में, कृपया academic@iitgoa.ac.in. पर लिखें।

फ़ीस भुगतान करने की प्रक्रिया को समझने के लिए कृपया यहां क्लिक करें। सफल फ़ीस भुगतान के बाद, लेनदेन (ट्रैन्सैक्शन) रसीद डाउनलोड करें, जिसे आपके पंजीकृत ईमेल आईडी पर ईमेल कर दी जाएगी।

# 4. पाठ्यक्रम पंजीकरण

आईआईटी गोवा शैक्षणिक प्रबंधन सॉफ्टवेयर (एएमएस)/Academic Management Software (AMS) का उपयोग करके विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों का प्रबंधन करता है।

## एएमएस में प्रवेश के लिए आवश्यक शर्तें

एएमएस में केवल आईआईटी गोवा की वीपीएन सेवा के माध्यम से ही प्रवेश किया जा सकता है। विभिन्न ऑपरेटिंग सिस्टम हेतु वीपीएन डाउनलोड करने और सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करने की प्रक्रियाओं को समझने के लिए यहां क्लिक करें।

## पंजीकरण पूरा करने के लिए आवश्यक दस्तावेज़

1. एबीसी आईडी (डिजिलॉकर से डाउनलोड किया जा सकता है। आईडी बनाने की प्रक्रिया को समझने के लिए निर्देश देखें।)
2. अनंतिम सीट आवंटन पत्र
3. बिलडेस्क पोर्टल से प्राप्त फ़ीस रसीद
4. सीट स्वीकृति फ़ीस के भुगतान का प्रमाण
5. फोटो पहचान पत्र [आधार/पासपोर्ट]
6. जेईई (उच्च) 2025 का प्रवेश पत्र
7. जन्मतिथि प्रमाण-पत्र [दसवीं कक्षा की अंकतालिका या जन्म प्रमाण-पत्र]
8. बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) का अंक तालिका
9. चिकित्सा प्रमाण-पत्र [जोसा व्यावसायिक नियम के अनुलग्नक 7 में दिया गया प्रारूप]
10. श्रेणी प्रमाण-पत्र (ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल/एससी/एसटी), यदि लागू हो [सूचना विवरणिका, जेईई (उच्च) 2025 में दिए गए प्रारूप के अनुसार]
    a. सामान्य-ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र (फॉर्म-सामान्य-ईडब्ल्यूएस) भारत सरकार के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुरूप दिनांक 1 अप्रैल, 2025 को या उसके बाद जारी किया जाना चाहिए।
    b. ओबीसी-एनसीएल प्रमाण-पत्र दिनांक 1 अप्रैल, 2025 या उसके बाद का होना चाहिए।
11. दिव्यंगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए प्रमाण पत्र, यदि लागू हो।
12. अभ्यर्थी और माता-पिता का पासपोर्ट (विदेशी नागरिकों के लिए), ओसीआई प्रमाण-पत्र या पीआईओ कार्ड, यदि लागू हो।
13. सीट आवंटन के लिए पंजीकरण-सह-लॉक किए गए विकल्प।
14. विद्यार्थी द्वारा घोषणा-पत्र (फॉर्म 1)
15. टीकाकरण प्रमाण-पत्र (फॉर्म 2)
16. शपथ-पत्र (रैगिंग विरोधी) - (फॉर्म 3)
17. शैक्षणिक सत्यनिष्ठा की घोषणा (फॉर्म 4)
18. पासपोर्ट आकार का फोटो और हस्ताक्षर
19. बचत बैंक खाता खोलने हेतु दस्तावेज़।

दस्तावेज़ अपलोड करने और एएमएस के माध्यम से पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने की विधि जानने के लिए कृपया यहां क्लिक करें।

# फॉर्म

फॉर्म 1 - विद्यार्थी द्वारा घोषणा 12
फॉर्म 2 - टीकाकरण प्रमाण पत्र 13
फॉर्म 3 - विद्यार्थियों द्वारा घोषणा पत्र (एंटी रैगिंग) 14
फॉर्म 4 - शैक्षणिक सत्यनिष्ठा की घोषणा 15

# फॉर्म 1 - विद्यार्थी द्वारा घोषणा

मैं, ............................................................................................................................, जेईई (एडवांस्ड) 2025, पंजीकरण संख्या ..............................., अखिल भारतीय रैंक (AIR) ..............................., आईआईटी गोवा रोल नंबर .............................. एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता/करती हूँ कि:

1. मैं संस्थान के आचरण नियमों और छात्रावास नियमों का पालन करूंगा/करूंगी। मैं संस्थान द्वारा समय-समय पर नियमों और विनियमों में किए गए संशोधनों का भी पालन करूंगा/करूंगी।
2. मैं किसी भी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों पर दबाव डालने के उद्देश्य से किसी भी आंदोलन में शामिल नहीं होऊंगा/होऊंगी।
3. मैं ऐसी किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लूंगा/लूंगी, जिससे परिसर की शांति और व्यवस्थित जीवन में बाधा पहुंचे।
4. मैं परिसर में अनुशासन, शैक्षणिक मानक और व्यवस्था बनाए रखने में संस्थान प्राधिकारियों के साथ सहयोग करूंगा/करूंगी।
5. मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि परिसर में कोई भी मोटर वाहन रखना और चलाना सख्त वर्जित है।
6. मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि परिसर में आवास (छात्रावास में या परिसर में कहीं और) मुझे केवल मेरे शैक्षणिक कार्यक्रम की अवधि दौरान ही प्रदान किया जाएगा।

| बाएं हाथ के अंगूठे का निशान | |
|---|---|
| | विद्यार्थी का हस्ताक्षर ______________________ |
| | नाम (हिंदी में)[3] ______________________ |
| | अंग्रेजी में नाम (बड़े अक्षरों में) ______________________ |

**स्थायी पता**

______________________

______________________

______________________

**पत्राचार के लिए पता[4]**

______________________

______________________

______________________

## माता-पिता/अभिभावक द्वारा घोषणा

मैं .................................................................................. अपने/अपनी पुत्र/पुत्री/आश्रित द्वारा दिए गए उपरोक्त प्रतिज्ञान का समर्थन करता/करती हूँ और मैं अपने/अपनी पुत्र/पुत्री/आश्रित को उपरोक्त प्रतिज्ञा का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने और मार्गदर्शन करने का पूर्ण प्रयास करूँगा/करूँगी।

स्थान: अभिभावक का हस्ताक्षर ______________________

दिनांक: अंग्रेजी में नाम (बड़े अक्षरों में) ______________________

[3] अपना नाम ठीक उसी प्रकार लिखें जैसा आप चाहते हैं कि वह आपकी डिग्री प्रमाणपत्र, अंकपत्र, ट्रांसक्रिप्ट, अनंतिम प्रमाणपत्र और संस्थान द्वारा जारी अन्य आधिकारिक दस्तावेजों पर दिखाई दे।

[4] इस पते का उपयोग दीक्षांत समारोह से संबंधित दस्तावेज़ भेजने सहित संस्थान से सभी आधिकारिक पत्राचार के लिए किया जाएगा।

## फॉर्म 2 - टीकाकरण प्रमाण पत्र

एमएमआर और चिकन पॉक्स का टीकाकरण पंजीकरण के लिए आवश्यक शर्तें हैं (जब तक कि विरोधाभास न हो)।

**टीकाकरण प्रमाण पत्र:**

| **टीका (वैक्सीन) का नाम** | **टीका (वैक्सीन) की तिथि** | **डॉक्टर के हस्ताक्षर** |
|---|---|---|
| एमएमआर (दूसरा डोज़ 15 वर्ष की आयु के बाद या दूसरा डोज़ 15 वर्ष से पहले) | | |
| चिकन पॉक्स (यदि पहले चिकन पॉक्स का कोई इतिहास न रहा हो) | | |
| टाइफाइड[5] | | |
| हेपेटाइटिस ए | | |
| कोविड टीकाकरण (डोज़ 1) | | |
| कोविड टीकाकरण (डोज़ 2) | | |

**टीकाकरण से छूट प्रमाण पत्र:**

श्री/सुश्री ________________________ से पीड़ित हैं और ________________________ उपचार पर हैं।

इसलिए, उनके लिए टीकाकरण वर्जित है।

**चिकित्सक का हस्ताक्षर**

*****_केवल उन्हीं विद्यार्थियों को, जिनके लिए टीकाकरण चिकित्सकीय दृष्टि से अनुचित है, पंजीकृत चिकित्सक द्वारा चिकित्सकीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर उन्हें इन टीकाकरणों से छूट दी जाएगी।_

[5] टीका (वैक्सीन) की वैधता 3 वर्ष की है

## फॉर्म 3 - विद्यार्थियों द्वारा घोषणा पत्र (एंटी रैगिंग)

(माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रैगिंग विरोधी फैसले के प्रावधानों के अनुसार)

मैं, श्री/सुश्री ............................................................................................................, (रोल नंबर: ......................................), कार्यक्रम: ............................................................................................................., भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोवा का/की विद्यार्थी दिनांक ................महीना.....................वर्ष .................. को उपरोक्त विषय के संबंध में निम्नलिखित प्रतिज्ञान करता/करती हूँ।

- मैंने अपना शपथ-पत्र https://www.antiragging.in/ पर जमा कर दी है, और शपथ-पत्र का संदर्भ संख्या है ........................................................................................ (कृपया इस फॉर्म के साथ शपथ-पत्र की एक प्रति संलग्न करें।)
- मैंने एंटी रैगिंग विषय पर भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा उपरोक्त संदर्भों में उठाए जाने वाले प्रस्तावित उपायों को पढ़ और समझ लिया है।
- मैं रैगिंग का अर्थ समझता/समझती हूं और यह भी जानता/जानती हूं कि किसी भी रूप में रैगिंग एक दंडनीय अपराध है तथा न्यायालय द्वारा इस पर प्रतिबंध लगाया गया है।
- मुझे अतीत में किसी भी प्रकार की रैगिंग में शामिल होने के लिए नहीं पाया गया है और ना ही आरोपित किया गया है। हालांकि, यदि भविष्य में किसी भी स्तर पर उपरोक्त कथन असत्य पाया जाता है या तथ्य छुपाए जाते हैं तो मैं संस्थान से निष्कासन सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई/कानूनी कार्यवाही का सामना करने का वचन देता/देती हूँ।
- मैं किसी भी स्थान पर किसी भी रूप में रैगिंग नहीं करूंगा/करूंगी तथा न्यायालयों, भारत सरकार तथा संस्थान के प्राधिकारियों द्वारा इस प्रयोजन के लिए समय-समय पर जारी नियमों/कानूनों का पालन करूंगा/करूंगी।

विद्यार्थी का हस्ताक्षर

मैं अपने/अपनी बच्चे/पुत्र/पुत्री/आश्रित द्वारा दिए गए वचन का पूर्णतः समर्थन करता/करती हूँ।

अभिभावक का हस्ताक्षर

# फॉर्म 4 - शैक्षणिक सत्यनिष्ठा की घोषणा

दिनांक | | |

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि:

1. मैं संस्थान में अपने पूरे प्रवास के दौरान शैक्षणिक ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के सभी सिद्धांतों का पालन करूँगा/करूँगी।
2. मैं, टेस्ट, क्विज़, परीक्षाओं या असाइनमेंट्स में अनधिकृत सहायता नहीं लूँगा/लूँगी या दूँगा/दूँगी।
3. मैं अपने परियोजना जमा करने में किसी भी विचार/डेटा/तथ्य/स्रोत का गलत प्रतिनिधित्व, निर्माण या मिथ्याकरण नहीं करूँगा/करूँगी।
4. मैं समझता/समझती हूँ कि उपरोक्त किसी भी उल्लंघन पर संस्थान के नियमों और विनियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

विद्यार्थी का हस्ताक्षर

मैं अपने/अपनी बच्चे/पुत्र/पुत्री/आश्रित द्वारा दिए गए वचन का पूर्णतः समर्थन करता/करती हूँ।

अभिभावक का हस्ताक्षर